कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-17.08.2024

विषय:- जिला जेल वाराणसी में कैदी से मिलने आयी 01 नफ़र अभियुक्ता को 01 अदद जिंदा कारतूस के साथ थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैंट के नेतृत्व में दिनांक-16.08.2024 को थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा जिला जेल वाराणसी से प्राप्त सूचना के आधार पर जिला जेल वाराणसी में चेकिंग के दौरान कैदी से मिलने हेतु आयी अभियुक्ता संगीता दीक्षित पत्नी अवनीश दीक्षित निवासिनी एस-A-16/12 T-R1 तुलसीनगर कालोनी थाना सारनाथ वाराणसी को समय करीब 14.30 बजे जिला कारागार वाराणसी से 01 अदद जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-295/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

अभियुक्ता से पूछताछ का विवरण- अभियुक्ता संगीता दीक्षित ने पूछताछ करने पर बताया कि यह कारतूस मेरे पति के दोस्त जितेन्द्र सिंह की लाईसेंसी पिस्टल का है जो पहले हमारी गाड़ी चलाते थे और जिनका अभी भी हमारे घर आना-जाना लगा रहता है। वह 02 दिन पहले हमारे घर आये थे जिनका कारतूस गलती से हमारे घर पर गिर गया था, मैं उनको बतायी थी तो वह बोले कि आप उसे अपने पास रख लीजिए और मैं किसी दिन आकर ले जाउंगा। मैं छोटा समान होने के कारण उसे अपने पर्स में सुरक्षित रख रख ली थी। आज जब मैं अपने पति से जिला जेल मिलने गयी तो अपने पर्स से उसे निकालना भूल गयी और भूल वश वह मेरे साथ चला आया।

गिरफ्तार अभियुक्ता का विवरण-

संगीता दीक्षित पत्नी अवनीश दीक्षित निवासिनी एस-A-16/12 T-R1 तुलसीनगर कालोनी थाना सारनाथ वाराणसी, उम्र करीब 36 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- जिला कारागार वाराणसी से, दिनांक-16.08.2024 को समय करीब 14.30 बजे।

बरामदगी का विवरण-

01 अदद जिन्दा कारतूस जिसके पेंदे पर 7.65 KF अंकित है।

<u>गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरणः-</u>

1. म0उ0नि0 मानवी शुक्ला थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमि0 वाराणसी।
2. उ0नि0 आशुतोष त्रिपाठी थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमि0 वाराणसी।
3. हे0का0 रमाशंकर थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमि0 वाराणसी।
4. म0का0 गुड़िया गौतम थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।